कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय,सीहोर (म.प्र.)

दूरभाष एवं फेक्स :– (07562)224706 ई–मेलः–heggcseh@mp.gov.in

वेब. :www.mpcolleges.nic.in/ggdcsehore/index.html

सीहोर,दिनांक 02/10/2019

प्रेस विज्ञप्ति

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 150वी जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश शासन की ओर प्रसारित होने वाले कार्यक्रम का सीधा प्रसारण महाविद्यालय के वर्चुअल कक्ष में किया गया। जिसमें महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, कार्यालयीन कर्मचारी सहित महाविद्यालय की छात्राऐ उपस्थित थी। महाविद्यालय में गांधी साहित्य के सामूहिक वाचन कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि श्रीमती हेमलता राठौर, पार्षद को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। जो अपरिहार्य कारणो से अनुपस्थित रही। गांधी जंयती के उपलक्ष्य में शा.कन्या महाविद्यालय सीहोर में भी कई कार्यक्रम आयोजित किये गये जिनमें हिन्द स्वराज का सामोहिक वाचन किया गया। वाचन कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा के मुख्य अतिथ्य मे सम्पन हुआ। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती के पूजन एवं माल्यार्पण एवं महात्मा गांधी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वल्लन के साथ हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य ने महात्मा गांधी जी के विचारो पर प्रकाश डालते हुऐ हिन्द स्वराज का सामोहिक वाचन कराया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्रा कु. रोशनी मालवीय ने गांधी जी के प्रिय भजन ''वैशनव जन'' का गायन किया तत्पश्चात एन.एस.एस. की छात्राओं द्वारा ''स्वच्छ भारत , स्वस्थ भारत'' शीर्षक पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया ओर सभी को प्लास्टिक का उपयोग न करने की शपथ दिलाई। डॉ. मंजरी अग्निहोत्री एवं डॉ. नीता मिश्रा ने कार्यक्रम का संचालन किया। राष्ट्रगान गायन के साथ ही कार्यक्रम की समाप्ति हुई। इसके पश्चात महाविद्यालय की एन. एस.एस. इकाई द्वारा प्लॉग रन का आयोजन किया गया।

SAVE LIFE
प्लास्टिक हटाओ
धरती बचाओ
SAVE NATURE

गीला
कचरा

NEWS

राष्ट्रीय सेवा योजना